विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की सोलवी बैठक दिनांक 14.05.2018 का कार्यवृत्त

एजेण्डा बिन्दु–16(1)

परीक्षा समिति की पंद्रहवीं बैठक दिनांक 23.12.2017 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। (प/क पर संलग्न)

विनिश्चयः– समिति की सोलवीं बैठक में पंद्रहवीं बैठक दिनांक 23.12.2017 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु –16(2)

विश्वविद्यालय द्वारा मई 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारणी 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक या उनके द्वारा नामित सदस्य को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –16(3)

विश्वविद्यालय की मई 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –16(4)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उडनदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा एवं कुलसचिव के सामंजस्य से किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –16(5)

मई 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित सम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाना उचित होगा।

विनिश्चयः– इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जानी है एवं कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –16(6)

मई–जून 2018 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– परीक्षा समिति द्वारा चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के संघटक संस्थानों, टी०एच०डी०सी० टिहरी, सीमान्त प्रौद्योगिकी संस्थान पिथौरागढ़ एवं प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर में मूल्यांकन कराये जाने की अनुमति प्रदान की।

एजेण्डा बिन्दु –16(7)

मई–जून 2018 की सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी तथा बी०टैक० पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की सभी बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी। एम०टैक०, एम०फार्म०, एम०बी०ए०(पार्ट टाइम) तथा एम०बी०ए०(इन्टीग्रेटेड) पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षाओं के साथ सम सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी तथा कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –16(8)

मई–जून 2018 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जा चुके हैं, अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –16(09)

यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक महीने बाद निस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –16(10)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति परीक्षा नियंत्रक द्वारा कुलसचिव के सामंजस्य से करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलसचिव के सामंजस्य से कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

अन्य बिन्दु–

मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

विनिश्चयः– परीक्षा समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सेमेस्टर परीक्षाओं में जो अप्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाएं हैं उन्हें संस्थान परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय को वापस करेंगे।

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य सचिव